हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, सोमवार 9 फरवरी 2026



# लखोली के बाद अब चिखली में भी होगा चौड़ीकरण! आज आएगा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लखोली के बाद अब शहर के एक और महत्वपूर्ण इलाकें चिखली में सड़क चौड़ीकरण की तैयारी शुरू कर दी गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आज होने वाली निगम सरकार की सामान्य सभा में यह प्रस्ताव रखा जाएगा। बताया गया कि लखोली से कन्हारपुरी तक चौड़ीकरण के साथ ही चिखली से गठुला पुल तक चौड़ीकरण का कार्य होगा।

उल्लेखनीय है कि 9 फरवरी को नगर निगम के सभागार में 13 विषयों को लेकर सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई है। इससे पहले सामान्य सभा की रणनीति बनाने सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने आज नगर निगम में अपनी-अपनी बैठक कर रणनीति तैयार की है। एक तरफ जहां सत्तापक्ष सामान्य सभा में जनहित के विषय को लाने दावा कर रहा है। वहीं दूसरी और विपक्ष द्वारा सत्तापक्ष को घेरने की तैयारी की जा रही है।

सोमवार सुबह 11 से नगर निगम में सामान्य सभा की बैठक प्रारंभ होगी। बैठक प्रारंभ होते ही हंगामा होने के आसार बने हुए हैं। विपक्ष जहां सत्तापक्ष को घेरेगा तो वहीं महापौर मधुसूदन यादव ने अपनी तगड़ी मोर्चाबंदी की हुई है। इस कार्यकाल की यह पहली सामान्य सभा है। जिसमें पेंशन आवेदन, चौक-चौराहों व उद्यानों के नामकरण, जाति प्रमाण पत्र, बाल विवाह रोकथाम सहित 13 अन्य विषय रखे गए हैं। संभावना जताई जा रही है कि अवैध प्लाटिंग और मोहारा जल संयत्र जैसे मामलों को लेकर विपक्ष सत्ताधारी दल को घेर सकता है।

## नई शहर सरकार की पहली सामान्य सभा, 13 पार्षदों ने लगाए दो दर्जन से अधिक सवाल

### विपक्ष ने बनाई रणनीति

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष कार्यालय में आयोजित हुई कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा लाए गए विषयों पर उन्हें घेरने के लिए टीम और पेपर वर्क किया गया। बैठक में रणनीति बनाते हुए पार्षदों ने अपने वार्ड के मुद्दों के अलावा शहर के अन्य वार्डों से जुड़े मामलों और वर्षभर में विकास कार्यों, सफाई ठेका सहित अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर सदन में घेरने तैयारी की है।

### निगम करेगा काम

बताया गया कि लखोली से कन्हारपुरी तक होने वाले सड़क चौड़ीकरण का कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा किया जाएगा। जबकि नगर निगम वहां के लिए मिली राशि का उपयोग अब चिखली से गठुला पुल तक चौड़ीकरण करने में उपयोग करेगा। बताया गया कि आज सामान्य सभा के दौरान भाजपा के एक पार्षद द्वारा यह प्रस्ताव सदन में रखा जाएगा।




### मनमाने तौर पर लाया गया विषय

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि एक साल में यह पहला सामान्य सभा है। जबकि तीन माह में सामान्य सभा आहूत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो विषय लाए जा रहे हैं, उसमें मूलभूत सुविधा पर फोकस नहीं है। मनमाने तौर पर विषय लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सालभर से सफाई ठेका नहीं हुआ है। नगर निगम में कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है और स्वास्थ्य विभाग में फील्ड कर्मचारियों को पेट्रोल भत्ता देने नया विषय लाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### वाद-विवाद, पांच पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** वाद-विवाद, हल्ला कर शांति भंग करने के मामले में डोंगरगढ़ पुलिस ने 5 अनावेदकों पर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 7 फरवरी को रात्रि में महावीर तालाब के पास वाद-विवाद कर हल्ला-गुल्ला एवं मारपीट करने पर उतारू होने की सूचना प्राप्त होने पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर अनावेदकगण आपस में वाद-विवाद कर मोहल्ले की शांतिभंग कर रहे थे। समझाने के बावजूद नहीं मानने पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनावेदक विक्की यादव 24 वर्ष निवासी बसंतपुर, गणेश यादव 28 वर्ष निवासी शंकरपुर, हर्ष राजपूत 25 वर्ष निवासी राजनांदगांव, आशीष सिंह राजपूत 36 वर्ष निवासी शांतिनगर, राहुल चौकसे 30 वर्ष निवासी बुधवारीपारा डोंगरगढ़ के विरुद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय डोंगरगढ़ में प्रस्तुत किया गया।

### देशव्यापी हड़ताल 12 को

**राजनांदगांव।** मजदूरों के हितों के लिए श्रम कानून बने हुए थे, उन कानूनों को केन्द्र सरकार द्वारा समाप्त कर कार्पोरेट उद्योगपतियों के हितों के लिए 4 श्रम कोड बनाया गया। ट्रेड यूनियन अधिनियम 1926 को भी परिवर्तन किया गया। मजदूरों के लिए रोजगार गारंटी कानून 20 वर्ष पूर्व बना था। उसे बदलकर वीबी ग्राम जी कानून बनाया गया, उससे रोजगार की गारंटी नहीं होगी, उन कानूनों को निरस्त करने तथा पूर्व के कानूनों को यथावत रखने के लिए देश की सभी 10 राष्ट्रीये ट्रेड यूनियनों द्वारा 12 फरवरी 2026 को देशव्यापी हड़ताल करने का निर्णय लिया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में संयुक्त ट्रेड यूनियनों की बैठक 5 फरवरी को जिला कार्यालय के पास आयोजित की गई। सभा के पश्चात रैली प्रारंभ होगी, जो शहर भ्रमण के पश्चात जयस्तंभ चौक में राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा जाएगा।

**फार्म हाउस जमीन बेचना हैं**

नदी किनारे रिवर व्यू फार्म हाउस जमीन मुडपार डामर रोड पर स्थित बेचना है।

- संपर्क करें -
Mo. 9243901653, 8770053130

## पुन: सत्यापन के लिए 14 फरवरी तक मोहलत, 21 को आएगी सूची

# 2.62 लाख मतदाताओं के सत्यापन में जुटा अमला, 20 हजार वोटर शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एसआईआर प्रक्रिया के तहत करीबन डेढ़ महीने तक गणना पत्रक जमा कराने के बाद जारी की गई प्रारंभिक मतदाता सूची में ढाई लाख से अधिक ऐसे मतदाता हैं, जिनके गणना पत्रक में त्रुटि देखने को मिली है। इन मतदाताओं का अब रि-वेरीफिकेशन कार्य किया जा रहा है। बताया गया कि पिछले एक महीने से जारी इस प्रक्रिया के तहत सभी मतदाताओं से अधूरे दस्तावेज को पूरा कराया जा रहा है। 14 फरवरी तक इसकी मोहलत है, उसके बाद 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

हालांकि विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इनमें वह मतदाता अधिक हैं, जिनके द्वारा गणना पत्रक में 2003 एसआईआर की दी गई जानकारी में त्रुटि देखने को मिली है। ऐसे में इन मतदाताओं से संपर्क कर अधूरे दस्तावेज को मंगाए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय ने नो मेपिंग श्रेणी के ऐसे मतदाता, जिन्हें नोटिस जारी किए गए हैं, उन्हें 14 फरवरी के पूर्व नोटिस में दिए गए समय और स्थान पर सुनवाई के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने की अपील की है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तय कार्यक्रम के अनुसार 14 फरवरी के बाद नो मेपिंग वाले मतदाताओं को जारी नोटिसों पर सुनवाई नहीं होगी।

### सी श्रेणी के 17 हजार मतदाताओं को भी दी थी नोटिस

**खास बातें**

- 14 फरवरी को समाप्त होगी सत्यापन अवधि
- 21 फरवरी को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची
- नोटिस का जवाब दे रहे मतदाता



### 262265 मतदाता नो मैपिंग में शामिल

नो मैपिंग की श्रेणी में ऐसे मतदाता शामिल हैं, जिन्होंने अपने गणना पत्र में वर्ष 2003 की मतदाता सूची की कोई लिंक नहीं दी है। ऐसे सभी मतदाताओं को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने नो मेपिंग वाले मतदाताओं को जारी नोटिस की सुनवाई और दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए 14 फरवरी अंतिम तिथि नियत की है। जिले में ऐसे कुल 262265 मतदाता शामिल हैं। हालांकि इनमें से 236354 मतदाता अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर चुके हैं।

### नाम जोड़ने-काटने भी आवेदन

जिले के ऐसे नागरिक जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है या जिनके नाम में किसी प्रकार का संशोधन होना है, वे नाम जोड़ने, नाम हटाने या नाम में संशोधन के लिए फॉर्म 6, 7 या 8 जमा कर सकते थे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने या नाम में संशोधन के लिए दावा-आपत्ति देने की अंतिम तिथि 22 जनवरी नियत की गई थी। जिले में इस प्रक्रिया के तहत 13598 फार्म-6, 1429 फार्म-7 और 3428 फार्म-8 जमा हुए हैं।

### सुनवाई के लिए नहीं पहुंचे 20479 वोटर

मिली जानकारी के अनुसार नो मैपिंग और तार्किक विसंगति की श्रेणी में जिले के कुल 262265 मतदाताओं को रखा गया था। इन सभी मतदाताओं को नोटिस देकर सुनवाई के लिए बुलाया गया है। अब तक इनमें से 241786 मतदाता सुनवाई के लिए पहुंच चुके हैं। जबकि अब भी 20479 मतदाताओं का आना शेष है। ऐसे में इन मतदाताओं के पास अब 14 फरवरी तक का मौका है। बताया गया कि इनमें अधिकांश मतदाता वह है जिन्होंने 2003 के एसआईआर की जानकारी में इस बार त्रुटि की है।

## घर में घुसकर मारपीट फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



घर में घुसकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर लाठी डंडा से मारपीट कर धारदार चाकूनुमा कटारी दिखाकर धमकी देने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पेंड्री के प्रार्थी टुकेश उर्फ बाबू के मंगेतर को आरोपी देवीलाल साहू द्वारा उनके जन्मदिन पर बधाई दिया था, जिस पर आपस में विवाद होकर आपसी समझौता हो गया था। 1 जनवरी को शाम 7 बजे प्रार्थी घर के बाहर आग ताप रहा था। उसी समय आरोपी सुनील मरकाम उर्फ टिरूं, देवी, कमरान व बबलू प्रार्थी के घर आकर पुरानी बातों को लेकर प्रार्थी टुकेश उर्फ बाबू के साथ गाली-गलौज कर घर में घुसकर डंडा से मारपीट कर तथा धारदार चाकूनुमा कटारी दिखाकर जान से मारने की धमकी दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5), 333 बीएनएस कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई:** पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़कर आरोपी सुनील मरकाम उर्फ टिरूं एवं देवीलाल साहू को 2 जनवरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। प्रकरण के अन्य दो आरोपी फरार थे, जिन्हें मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी करीम मुगल उर्फ बबलू 28 वर्ष अटल आवास पेंड्री के मिलने पर 7 फरवरी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल निरूद्ध किया गया।

### राजनांदगांव प्रदेश में सबसे गर्म, बढ़ेगा तापमान



पिछले कुछ दिनों से राजनांदगांव का तापमान लगातार प्रदेश में सबसे गर्म बना हुआ है। रविवार को भी जिले का तापमान 31 डिग्री रहा, जो प्रदेश के सभी अन्य जिलों से अधिक था। वहीं मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में अंचल सहित प्रदेशभर में अधिकतम तापमान 2 से 3 डिग्री तक चढ़ेगा। वहीं उसके बाद सात दिनों तक कोई बदलाव की संभावना नहीं है। ज्ञात हो पिछले कुछ दिनों के भीतर अंचल का अधिकतम तापमान लगातार चढ़ा है।

## ढ़ाबों में बिक रही थी शराब, तीन पर कार्रवाई

### लगातार आ रही ढाबों में शराबखोरी की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पुलिस टीम ने सोमनी क्षेत्र में स्थित ढ़ाबों का औचक जांच की। इस दौरान कुछ ढ़ाबों से शराब बरामद किया गया। पुलिस ने इस मामले में संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने 6 फरवरी को ढ़ाबों में औचक छापेमारी की कार्रवाई की।

छापेमारी के दौरान पीएनआर ढ़ाबा परिसर टेडेसरा में संचालक पलविंदर सिंह 50 साल निवासी ग्राम टेडेसरा के कब्जे से 10 पौवा सीजी फाईन अंग्रेजी शराब कीमती 1200 बिक्री रकम 220 रुपए एवं शेरे पंजाब ढाबा परिसर देवादा में संचालक कुलदीप सिंह 53 साल निवासी आर्य नगर से 3 बॉटल सिम्बा बियर, 2 पौवा इम्पीरियल ब्लू, 4 पौवा जम्मू शराब कीमती 1480 व बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तारी की कार्रवाई किया गया। पृथक से धारा 170 जाफौ के तहत गिरफ्तार कर तहसील न्यायालय में पेश किया।

### अंग्रेजी शराब जब्त

पुलिस के अनुसार औचक छापेमारी कार्रवाई के दौरान ग्राम देवादा हमारा ढाबा परिसर में संचालक दीपक यादव 34 साल से 7 पौवा सीजी फाईन अंग्रेजी शराब, 2 पौवा जम्मू अंग्रेजी शराब, 1 बॉटल बैगपाईपर अंग्रेजी शराब, 2 बॉटल आरसी व्हीस्की अंग्रेजी शराब, 1 बॉटल मैजिक मूमेंट अंग्रेजी शराब, 7 नग सिम्बा बीयर, 4 नग स्टोक स्ट्रांग बीयर, 3 नग बडवाईजर बीयर, 1 बॉटल सिग्नेचर व्हीस्की अंग्रेजी शराब, 1 बॉटल ब्लेंडर स्प्राईट अंग्रेजी शराब, 1 बॉटल ओल्ड मंक रम कीमती 9610 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया था।

## कबाड़ी दुकानों में मिले सामानों का नहीं दे पाए दस्तावेज, चार के खिलाफ एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पुलिस टीम ने सोमनी इलाके में संचालित कबाड़ी दुकानों मे औचक निरीक्षण किया। जांच पड़ताल के बाद चार संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत एसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन, एएसपी कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन, सीएसपी अलेक्जेंडर किरो के पर्यवेक्षण में कबाड़ संचालकों के संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में ग्राम सोमनी, धीरी, टेडेसरा, जोरातराई के कबाड़ी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान सोमनी कबाड़ी दुकान में एक नग लोहे का मोटर साइकिल का चेचिस, ग्राम धीरी कबाड़ी दुकान में 2 नग बैल गाड़ी का लोहे का चक्का, ग्राम टेडेसरा के कबाड़ी दुकान में 7 नग एल्युमिनियम का एगजास्ट फेन, ग्राम जोरातराई कबाड़ी दुकान में बैलगाड़ी फांद बिना चक्का का मिला। जिसके संबंध में कबाड़ी दुकान के संचालकों को धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस दिया गया। जिनके द्वारा कोई दस्तावेज पेश नहीं करने पर उक्त सामान को धारा 106 बीएनएसएस के तहत इस्तगाशा तैयार कर जब्त किया गया।

### प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

ग्राम सोमनी कबाड़ी दुकान के संचालक दीपक चौबे 42 साल निवासी सोमनी पंचायत भवन के पीछे, ग्राम धीरी कबाड़ी दुकान के संचालक घनश्याम नेताम उर्फ बबलू 34 साल निवासी ग्राम धीरी, ग्राम टेडेसरा कबाड़ी दुकान के संचालक राजू खान 50 साल निवासी ईमाम बाड़ा चौक फरीद नगर सुपेला, ग्राम जोरातराई कबाड़ी दुकान के संचालक हाजी अलताफ हुसैन पोलसाय पारा दुर्ग के विरुद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते तहसील न्यायालय में पेश किया गया।

## महाशिवरात्रि को लेकर अंचल के शिव मंदिरों में तैयारियां शुरू

# 15 फरवरी को संध्या 5.06 बजे प्रारंभ होगी चतुर्दशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस साल फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 15 फरवरी को शाम 5.06 बजे शुरू होगी और 16 फरवरी को शाम 5.35 बजे समाप्त होगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार महाशिवरात्रि पर शिव पूजन का विधान मध्यरात्रि ही है, इसलिए उदया तिथि मान्य नहीं होगी। 15 फरवरी को ही त्रयोदशी-युक्त चतुर्दशी के साथ महाशिवरात्रि मनाई जाएगी और इसी दिन मध्यरात्रि पूजा होगी।

इस दिन सूर्य, बुध, राहु और शुक्र एक साथ मिलकर एक शक्तिशाली चतुर्ग्रही योग बना रहे हैं। इसके अलावा सुबह 7.08 से शाम 7.48 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। इसे ज्योतिष में सबसे शुभ योगों में से एक माना जाता है, जो बाधाओं को दूर करने और सफलता सुनिश्चित करने जाना जाता है। 15 फरवरी को सुबह 7.45 बजे से शाम 7 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहने वाला है। इस योग में भगवान शिव की पूजा आराधना करने से हर मनोकामनाएं पूर्ण होती है। रूद्राभिषेक करने के इच्छुक भक्त सर्वार्थ सिद्धि योग में महाशिवरात्रि के दिन रूद्राभिषेक कर सकते हैं।

**खास बातें**

- शिवरात्रि के अवसर पर निकलेगी शोभायात्रा
- दिनभर चलेगा पूजा अर्चना का दौर, तैयारियां शुरू



### प्रारंभ होगी विवाह रस्में

महाशिवरात्रि पर होने वाली शिव विवाह की रस्में तीन दिन पूर्व ही प्रारंभ हो जाएगी। राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर के शिवालयों में विवाह रस्मों सहित पूजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। राजधानी के महादेवघाट स्थित हाटकेश्वरनाथ के पं. सुरेशगिरी गोस्वामी के अनुसार जिन पर्व में मध्यरात्रि पूजन का विधान होता है, उनमें उदया तिथि नहीं देखी जाती है। व्रत-पूजन सहित विवाह भी 15 फरवरी को ही होगा। ऐसे में इसके तीन दिन पूर्व मंदिर में हल्दी, संगीत, मेहंदी की रस्में परंपरानुसार प्रारंभ कर दी जाएगी।

### श्रवण नक्षत्र और शिववास का संयोग

इस दिन उत्तराषाढ़ा और श्रवण नक्षत्र के संयोग के साथ व्यतिपात योग भी रहेगा। महाशिवरात्रि के दिन शिववास रहता ही है। इसके साथ ही इस दिन शाम 7.48 बजे के बाद श्रवण नक्षत्र शुरू होने वाला है। इस नक्षत्र में भगवान शिव की आराधना के लिए सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा षोडशॉपचार विधि से पूजा आराधना चार प्रहर में करनी चाहिए और संध्या के समय यानी प्रदोषकाल में भगवान शिव का अभिषेक करें। महाशिवरात्रि के दिन ऐसा करते हैं तो सारे दुख, कष्ट, रोग, काल, दारीद्र आपके खत्म हो जाएगा और जीवन में सुख-समृद्धि की वृद्धि होगी।

## मंदिर के पीछे बैठकर पी रहे थे गांजा, 8 पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत डोंगरगढ़ पुलिस ने मंदिर के पीछे गांजा पीते हुए आठ आरोपियों को पकड़ा। जिनसे 100 ग्राम गांजा एवं गांजा पीने का सामान बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 7 फरवरी को रात्रि में पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग महावीर मंदिर के पीछे बैठकर गांजा पीते हुए हल्ला-गुल्ला कर रहे हैं। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर रेड की गई। महावीर मंदिर के पीछे बैठकर गांजा पी रहे आरोपी जगन्नाथ पटेल,



अमर तिवारी, चेतन लारिया, राजू खान, कादिर खान, अनिल वर्मा, सोमनाथ साहू एवं दीपक सिन्हा को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

### गांजा व अन्य सामान बरामद

पुलिस के मुताबिक आरोपियों से कुल 100 ग्राम गांजा एवं गांजा पीने का चिलम, माचिस, लाइटर सहित कुल कीमती 4000 रुपए का सामान जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

मांय एंगल



## खबर संक्षेप



### क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

**अंबागढ़ चौकी।** शिक्षक फेडरेशन द्वारा नगर में आयोजित क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ विधायक भोलाराम साहू एवं विधायक इंदरशाह मंडावी ने किया। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, पार्षद रीतेश मेश्राम, रफीक खां, गोपीचंद देवांगन, धर्मेश कुंभकार, उदयराम साहू, जितेन्द्र ऊईके, गोपालसिंह पाल, दयाशंकर गुप्ता, सत्तर भालेकर, विकास लाऊत्रे, मनोहर सिंह, दुलारसिंह विश्वकर्मा, हेमंत मंडावी, पन्ना मेश्राम, राजकुमार महनदिया, श्याम लाटा, पन्ना कुंजाम, बीईओ श्री धीवर, देवप्रसाद यादव, अर्जुन देवांगन, विरेन्द्र मसिया, लखन कोलियारे, विमल साहू आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस पर आस्था जताते प्रवेश की घोषणा

**अंबागढ़ चौकी।** विधायक भोलाराम साहू और इंदरशाह मंडावी के नगर प्रवास के दौरान पीएचई के सेवानिवृत्त राजकुमार महनदिया ने कांग्रेस प्रवेश किया। श्री साहू और श्री शाह में उनके कांग्रेस प्रवेश का स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन 14 से

**खुज्जी।** ग्राम रतनभाट में महाशिवरात्रि के अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर में स्थित शिवलिंग का अभिषेक किया जाएगा। डॉ राघव मिश्रा, डॉ शारदा मिश्रा के मार्गदर्शन एवं द्रोपदी मिश्रा, लखन मिश्रा, दिनेश मिश्रा आदि द्वारा पांच दिवसीय आयोजन के तहत पहले दिन 14 फरवरी को वेदी स्थापना, 15 को महाभिषेक ,16 को जाप, 17 को यज्ञ जाप एवं 18 को हवन, पूर्णाहुति, भंडारा होगा। यज्ञ अनुष्ठान डॉ गोपाल तिवारी, रुपेश मिश्रा द्वारा संपन्न किया जाएगा। ग्राम में 18 फरवरी को मंडई आयोजित है।

### धरना और चक्काजाम आज

**डोंगरगढ़।** मेन रोड से कातलवाही तक जर्जर सड़क को लेकर कांग्रेस ने कल 9 फरवरी को धरना और चक्काजाम करने की घोषणा किया है। प्रदर्शन में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान शामिल होंगे। कांग्रेसजनों एवं ग्रामीणों ने धरना में शामिल होने का आव्हान किया गया है।

### मुरेटीटोला में मेला आज

**मोहला।** ग्रामीण परम्परा का निर्वहन करते हुए मुरेटीटोला में ग्रामवासियों द्वारा कल 9 फरवरी को मेला का आयोजन रखा गया है। मेले में मुख्य आकर्षण हवाई झूला रहेगा। दूसरे दिन लोगों के मनोरंजन हेतु बेंदाड़ी वालों का छत्तीसगढ़ी नाच रखा गया है। आयोजन समिति के सदस्य गैंदसिंग कोरेटी, बंशीराम जुरेशिया, ज्वाला प्रसाद धुर्वे, जोहन बोगा ने उपस्थित होने की अपील की है।

## हाईकोर्ट के आदेश बाद जागी उम्मीद

# रसोईयों को मिलेगा सम्मानजनक मानदेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



सालों से 40 रूपए प्रतिदिन मानदेय पर स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रसोईयों का मानदेय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के एक आदेश के बाद बढ़ने की संभावना बढ़ गई है। हाईकोर्ट ने कोंडागांव जिले की प्राथमिक शाला केराडीह के रसोईया के मामले में मंहगाई भत्ता सहित 306.67 रूपए और बिना भत्ता के 206 रूपए का हकदार बताते हुए आदेश पारित किया है।

जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला केराडीह के रसोईया चैतराम मरकाम पितानंदीराम मरकाम को प्रतिदिन सात से आठ घंटे कार्य करने के बाद उसे प्रतिदिन मात्र 40 रुपए अर्थात 1200 रुपए मासिक मिल रहा था। उसने आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से पगार बढ़ाने का आग्रह किया। मांग पूरी नहीं होने पर चैतराम ने हाईकोर्ट में याचिका दायर किया था। याचिका पर हाईकोर्ट ने गत सात जनवरी को चैतराम के पक्ष में आदेश पारित किया था। शासन को बार-बार अभ्यावेदन देने के बाद भी अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने नी उसने हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल किया।

### रसोईयों में जागी उम्मीद

जानकारी के अनुसार मानदेय को लेकर जिला पंचायत की पूर्व सदस्य खगेश ठाकुर के मार्गदर्शन में समान काम- समान भुगतान को आधार बनाकर हाईकोर्ट में 23 याचिकाएँ लगाई गई थी। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद अन्य याचिकाकर्ता रसोइयों को भी इस आदेश का लाभ मिलने की संभावना है।



### न्यूनतम मजदूरी के विरूद्ध भुगतान

चैतराम मरकाम के वकील एनके मालवीय ने जिरह के दौरान बताया कि प्रतिदिन सात आठ घंटे कार्य करने के बाद मात्र 40 रुपए या 1200 सौ रुपए प्रति माह भुगतान किया जाना अधिसूचित न्यूनतम मजदूरी के विपरीत है। अकुशल मजदूर भी संबंधित अवधि के दौरान 306 रूपए या कम से कम 260 रूपए बिना मंहगाई भत्ते के मजदूरी का हकदार है। उन्होंने कहा कि कार्य कुशलता के हिसाब से उचित और ऐसा मेहनताना मिलना चाहिए जिससे वह अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा कर सके।

### समुचित मानदेय मिलेगा

हाईकोर्ट ने 15 जनवरी को मध्यान्ह भोजन योजना में कार्यरत रसोईया चैतराम मरकाम के मामले में मंहगाई भत्ता सहित 306.67 रूपए या कम से कम बिना मंहगाई भत्ता के 260 रूपए प्रतिदिन के हिसाब से वेतन देने का आदेश पारित किया है। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार प्रतिदिन 306.67 रूपए मंहगाई भत्ता सहित या बिना मंहगाई भत्ता के 260 रूपए पारिश्रमिक मिलेगा।

## राशन दुकान का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

नागरिकों की मांग पर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल एवं अन्य ने शासकीय राशन दुकान का शुभारंभ किया। दुकान के संचालन का दायित्व मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह को सौंपा गया है।

इस राशन दुकान से वार्ड एक, दो तीन, चार, 14 एवं 15 के वासियों को राशन मिलेगा। शुभारंभ के दौरान नपं उपाध्यक्ष भूषण नेताम, बिंदु साहू, रोशन रजक, गौरी सिन्हा, तीरथ साहू, दीपक यादव, गोविंदा कोचे, कामेश यादव, देवनारायण सिन्हा, मनीषा यदु, मंगला टेमरे, साधना रावते, रेवती कोचे, अन्नपूर्णा सिन्हा, ज्योति कसेर, सुमन साहू, सुशीला यादव, रतनदीप केसरिया, फुलेश्वरी सोनकर, रूखमणि बर्वे, मेनका यादव आदि मौजूद थे।

## रामचरण बने शाला समिति के अध्यक्ष

**गडई पंडरिया।** पेंडरवानी स्थित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शासन के आदेशानुसार संयुक्त शाला प्रबंधन समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया।



युक्तिकरण के तहत दोनों शालाओं का संचालन एक प्रबंधन समिति द्वारा किया जाएगा।ग्रामीणों और शाला परिवार की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। कार्यकारिणी में अध्यक्ष रामचरण साहू, उपाध्यक्ष रोमन साहू, संयोजक रामजी चंदेल, सह संयोजक गांधी राम साहू, शिक्षाविद किशुन राम साहू, पंचायत प्रतिनिधि दिलेश्वर साहू, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रामाधार विश्वकर्मा, रामखिलावन साहू, लालचंद साहू, पुष्पा साहू, ललिता साहू, दुलेश्वरी धुर्वे, संगीता, खोमेश्वरी साहू, उर्मिला साहू और दुलेश्वरी साहू को शामिल किया गया है। प्रधानपाठक आनंदसिंह धुर्वे, शिक्षक जहुरसिंह छेदैहा, नरेंद्र राठौर, सालिक राम ठाकुर, राखी रनदिवे, देवानंद सोनी, चितरंजन देवांगन, निर्मला देवांगन, अनिता एवं भागवत वर्मा ने नए पदाधिकारियों को बधाई दी है।

## टीएलएम प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम नेवासपुर में पेंडरवानी संकुल स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने न केवल अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।



राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत आयोजित इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खोजी प्रवृत्ति और करके सीखने की भावना विकसित करना था। संकुल के 9 प्राथमिक और 1 माध्यमिक शाला के छात्रों ने गणित, विज्ञान और भाषा विषयों पर आधारित आकर्षक मॉडल तैयार किए जिसमें स्थानीय मान, परिमाप, क्षेत्रफल, आरोही-अवरोही क्रम और समय मापन के मॉडल शामिल थे। वर्णमाला चार्ट, विलोम शब्द, लिंग और पर्यायवाची शब्दों पर आधारित टीएलएम का भी प्रदर्शन किया गया।

### रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

वार्षिक उत्सव में बच्चों ने कला का जादू बिखेरा। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला संबलपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पेंडरवानी को द्वितीय और हरदंडा स्कूल को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम के दौरान प्रधानपाठक मोतीलाल भीमटे के बांसुरी वादन और गांधी राम साहू, देवेंद्र वर्मा के चुटीले अंदाज ने दर्शकों को हंसने पर मजबूर किया।

### अतिथियों ने बढ़ाया उत्साह

कार्यक्रम का शुभारंभ बरबसपुर के सरपंच आकाश बंजारे एवं अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा कर किया। इस मौके पर संकुल समन्वयक प्रदीप सिंह राजपूत, नेवासपुर, चिलगुड़ा, बरबसपुर, संबलपुर आदि स्कूल के शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे। अंत में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## नन्हे सितारे में पेंडरवानी के 8 बच्चे चयनित

**तुमडीबोड़।** डॉ बलदेव प्रसाद मिश्र उमा विद्यालय राजनांदगांव में नन्हे सितारे नामक जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम चार ब्लॉक के 2117 बच्चों ने हिस्सा लिया। विभिन्न चरणों के बाद कुल 132 बच्चों का चयन किया गया जिसमें डोंगरगांव ब्लॉक से 18 बच्चों ने स्थान बनाया। उल्लेखनीय उपलब्धि यह रही कि प्राथमिक शाला पेंडरवानी के 8 बच्चे चयनित हुए। इन बच्चों को शिक्षक राजेश निषाद एवं तोरण निषाद का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। स्पोकन इंग्लिश में वीरा कोठारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। उसे संकुल समन्वयक धनशाय सलामे, प्रधान पाठक यशवंत सोनबोईर ने बधाई दी है।



## धान खरीदी पर लगा पूर्ण विराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अवधि अब समाप्त हो गई है। शासन ने 31 जनवरी तक धान खरीदी तय किया था किन्तु किसानों की परेशानी एवं मांग को ध्यान में 5 एवं 6 फरवरी को किसानों का धान खरीदा गया।

इन दो दिनों में लगभग सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी शून्य रही। क्षेत्र के उपार्जन केन्द्र कुकुरमुड़ा अतरिया, विचारपुर, बुन्देली, संड़ी, ठाकुरटोला, मोहगांव, पैलीमेटा केन्द्र में पहले ही लक्ष्य अनुसार धान खरीदा गया था।



कुछ केन्द्रों में बीते साल की अपेक्षा कम धान खरीदी होना बताया गया है।

अब अंतर की राशि का इंतजार

सरकार ने घोषणा अनुसार किसानों का धान 31 सौ रूपए क्विंटल की दर से खरीदा है किन्तु वर्तमान में प्रति क्विंटल 2369 एवं 2389 रूपए की दर से भुगतान हुआ है। अंतर की राशि धान खरीदी के बाद किसान के खाते में जमा होने की जानकारी है परन्तु अभी तक तिथि की घोषणा नहीं हुई है।

## बच्चों को बनाए संस्कावान

**कल्लूबंजारी।** सरस्वती शिशु मंदिर छुरिया में शिशु नगरी कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि रेणुका पटेल, विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी परसाई, हेमा यादव थी।



अध्यक्षता अंगेश्वरी साहू ने की।

अतिथियों ने मां सरस्वती, भारत माता एवं पवित्र ओम की पूजा अर्चना किया। अतिथि परिचय और स्वागत पश्चात शिशु नगरी कार्यक्रम पर प्राचार्य बृजमोहन साहू ने प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर देना चाहिए। उनके आहार पर भी ध्यान देना आवश्यक है। इस मौके पर बच्चों के लिए शब्द दौड़, जलेबी दौड़, महिलाओं के लिए बिंदी लगाओ, गोली चम्मच दौड़ , बाल्टी में गेंद डालो प्रतियोगिता एवं प्रश्नमंच आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमती पटेल ने कहा कि बच्चों के खान-पान पर ध्यान देने के साथ संस्कार का बीजारोपण करने की ओर भी ध्यान देना जरूरी है। इस मौके शिशु वाटिका के 12 शैक्षिक व्यवस्था अंतर्गत प्रदर्शनी लगाया गया था। अंत में आभार प्रदर्शन शिशु वाटिका प्रमुख रुबीना बेगम ने किया।

## काव्य संगोष्ठी का सफल आयोजन

**गंडई पंडरिया।** डोहड़ी साहित्य समिति के तत्वावधान में शनिवार को नवीन माध्यमिक शाला गंडई में काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के उप संचालक प्रभात कुमार, विशिष्ट अतिथि धमधा के पत्रकार गोविंद पटेल थे। अध्यक्षता कर रहे डॉ. पीसी लाल यादव के मार्गदर्शन में साहित्य समाज का दर्पण विषय पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता डॉ. मांगीलाल यादव ने सारगर्भित उद्बोधन से कलमकारों को प्रभावित किया। डॉ यादव ने वर्तमान साहित्य लेखन की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए अपनी गजलों और कविताओं के माध्यम से रचनाकारों का मार्गदर्शन किया। संगोष्ठी के दौरान प्रभात कुमार सिंह को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का नया अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। संगोष्ठी में आए कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समां बांधा।



कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के समन्वयक डॉ. सियाराम साहू, साहित्यकार राजकुमार मसखरे, बोधनसिंह चंदेल, आनंद मरकाम और लच्छू राम यादव ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर तुलेश्वर सेन, शिव साहू, चिंता ध्रुवे, टीकाराम देशमुख, संजू उइके, रवि यादव, खिलेश्वर देवांगन, गायत्री श्रीवास, लता साहू, रेशम साहू, रश्मिसिंह, चित्रकला मेरावी, मनीषा निषाद, प्रांजल यादव सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन और आभार प्रदर्शन डॉ. कमलेश शर्मा ने किया।

## पंचायतों में रोजगार और आवास दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के सात तारीख को रोजगार दिवस, चावल उत्सव व आवास दिवस का आयोजन कर योजनाओं का सही से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के सभी ग्राम पंचायतो मे कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में सभी ग्राम पंचायतों के मनरेगा कार्य स्थल पर रोजगार व आवास दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में लोगों को रोजगार योजना से संबंधित जानकारी दी गई और समय पर कार्य करने प्रेरित किया गया। समय पर मजदूरी मिलने के बारे में भी पूछा गया जिसमें संतुष्टिजनक जवाब प्राप्त हुआ। लोगों को मनरेगा कार्य के क्यूआर कोड को स्कैन कर कार्यों की जानकारी लेने के बारे में बताया गया इसके साथ ही नए रोजगार अधिनियम वीबी जीरामजी के बारे में जानकारी दी गई और पोस्टर वितरण किया गया।



### पुल बनने से लांजी के लिए मिलेगी बारहमासी सुविधा

दौरे के अंतिम पड़ाव में मप्र सीमा पर स्थित ग्राम संजारी का दौरा कर आवास निर्माण का निरीक्षण किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश सीमा बनाने वाली टांडा नदी पर बन रहे ब्रिज का भी अवलोकन किया गया। इसके बनने से बकरकट्टा से लांजी के लिए बारहमासी आवागमन संभव होगा और दोनों राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में निवासरत बैगा जनजाति सहित अन्य लोगों का आपसी मेलजोल बढ़ेगा। इस दौरान एसबीएम जिला समन्वयक सलीम ख़ान, मनरेगा पीओ सिद्धार्थ जायसवाल, एसबीएम ब्लॉक समन्वयक जितेंद्र टांडेकर, ग्राम पंचायत समुन्दपानी और चोभर के सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक सहित बैगा समाज के लोग उपस्थित थे।

### झिलमिली में पुल बनाने की मांग

रोजगार एवं आवास दिवस के सही क्रियान्वयन की निगरानी व अन्य योजनाओं की मैदानी हकीकत जानने जिपं सीईओ के साथ जिला और जनपद पंचायत के अधिकारियो ने बैगा बाहुल्य ग्राम समुंदपानी, हाथीझोलाकला, झिलमिली और संजारी का दौरा किया। हाथीझोलाकला में निर्माणाधीन जनमन और मुख्यमंत्री आवास के हितग्राहियों से संपर्क कर आवास सहित शौचालय निर्माण को एक माह के अंदर पूरा करने प्रेरित किया। समुंदपानी में निर्माणाधीन तालाब का अवलोकन कर लोगों को रोजगार दिवस के महत्व के बारे में बताया गया। नई रोजगार योजना वीबी जीरामजी के बारे में विस्तार से बताते हुए अच्छे से काम करने प्रेरित किया गया। कई लोगों के द्वारा निजी तालाब, डबरी, कुआं, शेड की माँग की गई जिसे जल्दी ही स्वीकृत करने निर्देशित किया गया। झिलमिली में निर्माणाधीन जनमन सडक, आंगनबाड़ी और जनमन आवास का अवलोकन कर सभी कार्य समय पर पूरा करने कहा गया। ग्रामीणों ने स्कूल भवन के सामने स्थिति नाले में पुल निर्माण की मांग पर संबंधित विभाग को निर्देशित करने का आश्वासन दिया गया।

## बच्चों की कला को पालक करें प्रोत्साहित : गांधी

# वार्षिकोत्सव में बिखरे कला के कई रंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

पीएम श्री प्रायमरी स्कूल बोधीटोला में बीते दिनों वार्षिकोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस मौके पर श्री गांधी ने वार्षिकोत्सव के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि अगली पीढ़ी को गौरवशाली संस्कृति और कला से जोड़ने के लिए इस तरह का आयोजन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों के अंदर का कलाकार जागता है उन्होंने उनकी कला निखरती है। कल्चरल फेस्ट में शाला की गीतांजलि निषाद, सुधा यादव, हिमांशी पटेल, सुष्मिता, भूमिका पटेल, वैशाली, अंजना, झलक पटेल, लक्ष्य, अमित कुमार आदि ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित गीत, नृत्य, नाटक आदि प्रस्तुत किया। अंत में प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीईओ आरएल पात्रे, बीआरसी अरविंद रत्नाकर, अंजू त्रिपाठी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, हीरा निषाद, रामकुमार गुप्ता, दुर्गेश रामटेके, डिकेश साहू, पदमिनी ठाकुर, गुलशन हिरवानी, योगेश पटेल, चंपा यादव, डामनदास साहू, देवेन्द्र किशोर साहू, प्रधान पाठक पुनाराम कन्नौजे, शिक्षक महेश्वरी डहर, जागवेन्द्र चंद्रवंशी, जितेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में पालक मौजूद थे।

### प्रस्तुति को मिली सराहना

**अर्जुनी।** पूर्व माध्यमिक प्राथमिक शाला रामपुर के संयुक्त तत्वावधान में गत दिनों वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया। इस दौरान राजगीत का गायन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, कविता एवं नृत्य प्रस्तुत किया। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। बालक की सफलता में पालक एवं शिक्षक के योगदान को देखते हुए उन्हे साल श्रीफल भेंट किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा थे। अध्यक्षता सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा ने की। विशेष अतिथि जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, मंडल अध्यक्ष भुवन साहू, सरपंच यतीश सिन्हा, गौरी रामटेके, समारिक निर्मलकर, दुधेराम साहू, द्वारिका तारम, रुपचंद साहू, बाबूलाल खोबरागढे, खेमलाल सिन्हा, आनंद भोंडेकर, रामदयाल अरकरा, संजय सिन्हा, किशनलाल देशमुख, जयनंदन साहू, तीजन सिन्हा थे। संचालन एमडी वाल्दे ने किया।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# छत्तीसगढ़ में ईडब्ल्यूएस आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू कराने सवर्ण समाज एकजुट

■ सवर्ण एकजुटता ने एकता मंच यूजीसी जैसे काले कानून के विरोध से लेकर ईडब्लूएस आरक्षण तक बनाई आंदोलन की रणनीति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

रविवार को कवर्धा में सवर्ण समाज की ऐतिहासिक सामूहिक बैठक ने जिले की सामाजिक राजनीति को नई दिशा दी। 13 सवर्ण समाजों के जिलाध्यक्षों और समाज के सक्रिय सदस्यों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से सवर्ण एकता मंच का गठन किया गया। बैठक में स्पष्ट संदेश दिया गया कि सवर्णों के अधिकारों पर किसी भी प्रकार का प्रहार स्वीकार नहीं किया जाएगा। शासन द्वारा लागू किए जा रहे यूजीसी से जुड़े प्रावधानों जैसे काले कानूनों के खिलाफ निर्णायक संघर्ष की रूपरेखा तय हुई, वहीं छत्तीसगढ़ में ईडब्लूएस आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू कराने पर भी एकजुट पहल का संकल्प लिया गया।

बैठक में सैकड़ों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। युवाओं की बढ़-चढ़कर भागीदारी ने मंच को नई ऊर्जा दी। वक्ताओं ने कहा कि यदि सरकार ने जनभावनाओं की अनदेखी की तो सवर्ण एकता मंच के बैनर तले व्यापक और उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा। सभी समाजों ने मंच में अपना भविष्य देखते हुए साझा संघर्ष की घोषणा की। बैठक के पहले सत्र में मंच की संरचना पर चर्चा हुई। जिसमें 13 समाजों के जिलाध्यक्षों ने सर्वसम्मति से मंच के गठन पर मुहर लगाई। निर्णय हुआ कि आगे की सभी गतिविधियां सामूहिक नेतृत्व और पारदर्शी निर्णय प्रक्रिया से संचालित होंगी।

मंच का उद्देश्य सामाजिक एकता, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और युवाओं को संगठित करना तय किया गया। वहीं अंतिम सत्र में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ कि यदि शासन ने यूजीसी जैसे प्रावधानों पर पुनर्विचार नहीं किया और ईडब्लूएस आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया, तो सवर्ण एकता मंच चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा। बैठक एक स्पष्ट संदेश के साथ संपन्न हुई एकता ही शक्ति है और अधिकारों की रक्षा के लिए समाज एकजुट रहेगा। कुल मिलाकर इस बैठक ने सवर्ण समाज को साझा मंच पर लाकर भविष्य की लड़ाई का रोडमैप तय कर दिया है,जहां संवाद प्राथमिकता होगा, लेकिन जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी।

### यूजीसी जैसे प्रावधानों के खिलाफ निर्णायक रुख



सदस्यों ने कहा कि शिक्षा और अवसरों से जुड़े नियमों में सवर्णों के साथ भेदभाव बर्दाश्त नहीं होगा। मंच ने साफ किया कि यूजीसी से जुड़े ऐसे किसी भी कदम का शांतिपूर्ण लेकिन प्रभावी विरोध किया जाएगा, जो समाज के हितों के विपरीत हो। सरकार से मांग की गई कि संवाद के जरिए समाधान निकाला जाए, अन्यथा आंदोलन अपरिहार्य होगा।

### ईडब्लूएस आरक्षण लागू कराने पर जोर

बैठक का अहम एजेंडा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण को जमीन पर उतारना रहा। वक्ताओं ने कहा कि ईडब्लूएस का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे, इसके लिए निगरानी तंत्र मजबूत करने और प्रशासनिक स्तर पर जवाबदेही तय करने की रणनीति बनाई गई।

### युवाओं की सक्रिय भागीदारी, आंदोलन की रीढ़ बनेगा संगठन

कई युवा प्रतिनिधियों ने मंच से अपने विचार रखे, तय हुआ कि गांव-वार संपर्क अभियान चलाया जाएगा, डिजिटल माध्यमों से जागरूकता बढ़ाई जाएगी और प्रत्येक समाज से स्वयंसेवक तैयार किए जाएंगे। युवाओं को संगठन की रीढ़ मानते हुए प्रशिक्षण और संवाद कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव पारित हुआ।

## खबर संक्षेप



### गुरुकुल में दादा-दादी व नाना-नानी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**हरिभूमि कवर्धा।** शिक्षा एवं संस्कार को ध्येय मंत्र के रूप में अंगीकार करने वाली शिक्षण संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा हमेशा अपने सामाजिक सरोकारों एवं भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए विविध कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिससे विद्यालय के नन्हें-मुन्ने नौनिहाल उनसे प्रेरित हो सकें। इसी कड़ी में विद्यालय के प्री-प्राइमरी भवन में दादा-दादी एवं नाना-नानी दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी, केजी वन व केजी टू के नन्हे-मुन्ने बच्चों के दादा-दादी व नाना-नानी सम्मिलित हुए। शाला के प्राचार्य मनोज कुमार राय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के वरिष्ठ पदाधिकारीगण थे। सर्वप्रथम शाला प्रबंधन समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी गण एवं पालकों के द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन-वंदन किया गया। प्राचार्य ने सभी का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने इस आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दादा-दादी और नाना-नानी से नन्हे-मुन्ने बच्चे गहराई से जुड़े होते हैं। तत्पश्चात नर्सरी से केजी-टू के नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा विविध मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं मीडिया प्रभारी पीजीटी हिंदी डॉ विजय कुमार शाही ने बताया कि इस कार्यक्रम में केजी-टू के बच्चों द्वारा नानी तेरी मोरनी को मोर ले गया गीत पर शानदार प्रस्तुति दी गई जिसे सभी ने मुक्त कंठ से सराहा। इस अवसर पर कुछ वरिष्ठ पालकों ने भी अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुकुल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील है।

### जिले के 55 हजार से अधिक ग्रामीणों ने जाना उनके रोजगार का अधिकार है सुरक्षित

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के 437 ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों में लगे 55599 ग्रामीणों को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अंतर्गत उनके रोजगार के अधिकार सुरक्षित होने, समय पर मजदूरी भुगतान मिलने, ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास,आजीविका डबरी के फायदे सहित ग्रामीणों को होने वाले लाभ के विषय में रोजगार एवं आवास दिवस के अवसर पर संवाद स्थापित कर जानकारी दी गई। वनांचल ग्राम पंचायत सेंदुरखार, महीडबरा, पोलमी पंडरीपानी, भेलकी, छुही, अमनआरा, बाकी, खड़ौदाखुर्द से लेकर सूरजपुरा जंगल, दानीघटोली, लाखाटोला, सिल्हाटी, धरमगढ़ एवं तालपुर सहित जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन कर 1 अप्रैल 2026 से प्रत्येक पंजीकृत परिवारों को 100 के बजाय 125 दिनों का रोजगार, एक सप्ताह अथवा अधिकतम 15 दिवस के भीतर मजदूरी भुगतान होने तथा समय पर मजदूरी भुगतान नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता, ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले अधोसंरचना विकास, ग्राम सभा द्वारा पंचायत के कार्यों का चयन, क्यूआर कोड का उपयोग करने और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से उनके आवास निर्माण पर चर्चा कर योजना की जानकारी दी गई।

## शहर के प्रमुख बाजारों, पान ठेलों एवं दुकानों में एक साथ सघन व औचक जांच अभियान

# गोगो पेपर व प्रतिबंधित नशीली सामग्री पर कवर्धा पुलिस की प्रभावी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस ने गोगो पेपर सहित प्रतिबंधित नशीली सामग्री की बिक्री पर त्वरित कार्यवाही व सामग्री जब्त किया है। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के स्पष्ट निर्देशों के परिपालन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह एवं अमित पटेल के कुशल मार्गदर्शन में कवर्धा शहर में अवैध एवं प्रतिबंधित नशीली सामग्री के विरुद्ध सघन और सुनियोजित अभियान चलाया गया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना एवं शहर में नशे के अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाना है। अभियान के तहत डीएसपी कृष्णा चंद्राकर के नेतृत्व व थाना प्रभारी योगेश कश्यप एवं पुलिस टीम द्वारा कवर्धा शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों, पान ठेलों, किराना दुकानों तथा अस्थायी ठेलों में लगातार औचक निरीक्षण एवं गहन जांच की गई। पुलिस टीम ने पूरी मुस्तैदी के साथ प्रत्येक संदिग्ध स्थल की बारीकी से तलाशी ली।

जांच के दौरान कई दुकानों एवं ठेलों से गोगो पेपर सहित अन्य प्रतिबंधित नशीली सामग्री बरामद की गई, जिसे मौके पर ही जब्त कर संबंधित संचालकों को थाना लाया गया। दुकानदारों एवं ठेला संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई कि भविष्य में प्रतिबंधित नशीली सामग्री का विक्रय पाए जाने पर उनके विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### नशे के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाया जा रहा



डीएसपी कृष्णा चंद्राकर ने बताया कि कबीरधाम पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए इस प्रकार की सघन एवं प्रभावी कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि नशे से जुड़ी किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। कबीरधाम पुलिस ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण संभव है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली सूअरों का झुंड दिखने लगा, रहवासियों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत कोलेगांव, बसनी, भगतपुर, धनेली, मोहतरा कला, कंझेटा, सेमरकोना, रूसे, कुंडा एवं दामापुर क्षेत्र में इन दिनों जंगली सूअरों का झुंड लगातार दिखाई दे रहा है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में बड़ी मात्रा में गन्ने की खेती की जाती है और वर्तमान समय में गन्ने की कटाई तेजी से जारी है। गन्ने की कटाई के बाद खेत खलिहान खाली होने से जंगली सूअर छुपने और रहने के स्थान की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं। जैसे-जैसे कटाई आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे जंगली सूअरों के झुंड खुले में दिखाई देने लगे हैं। बताया जाता है कि सुबह और शाम के समय सड़कों पर आवागमन के दौरान जंगली सूअरों का झुंड अक्सर नजर आ जाता है। कई बार ये तालाबों के किनारे तो कभी गांव के समीप तक पहुंच जाते हैं। जंगली सूअरों की बढ़ती आवाजाही से ग्रामीणों में भय का माहौल है।



ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में कई बार जंगली सूअरों द्वारा ग्रामीण रहवासियों पर हमला किया जा चुका है, जिससे लोग सहमे हुए हैं। कुछ मामलों में जंगली सूअरों को पकड़ने या फंसाने के प्रयास में वे और अधिक आक्रामक हो जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। जिस पर ग्रामीणों ने वन विभाग एवं प्रशासन से मांग की है कि जंगली सूअरों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उचित सुरक्षा एवं नियंत्रण के उपाय किए जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके।

# कारखाना में गन्ना आवक तेज, किसानों की सुविधाओं के विस्तार की जरूरत

## प्रतिदिन लगभग 300 से 400 ट्रैक्टर कारखाना परिषर पहुंच रहे हैं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

बोड़ला विकासखंड के ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला अंतर्गत संचालित भोरमदेव शक्कर कारखाना इन दिनों जिले भर के गन्ना किसानों का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। वर्तमान में कारखाना परिषर में गन्ना से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवक तेज हो गई है। प्रतिदिन लगभग 300 से 400 ट्रैक्टर कारखाना परिषर पहुंच रहे हैं, जिससे गन्ना खरीदी कार्य में तेजी आई है। मिली जानकारी के अनुसार गुड़ फैक्ट्रियों में गन्ना मूल्य में उतार-चढ़ाव के चलते अब शेयरधारी के साथ-साथ गैर-शेयरधारी किसान भी भोरमदेव शक्कर कारखाना पहुंच रहे हैं। गैर-शेयरधारी किसान यहां गन्ना आपूर्ति कर भविष्य में शेयरधारी बनने की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं। बढ़ती आवक के कारण कारखाना परिषर में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें नजर आ रही हैं, जो रेल डिब्बों जैसी प्रतीत हो रही हैं। गन्ना आवक बढ़ने से किसानों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। ऐसे में परिषर में मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता और अधिक महसूस की जा रही है। किसानों का कहना है कि कारखाना परिषर में उपलब्ध शौचालय जर्जर अवस्था में हैं और उपयोग के योग्य नहीं बचे हैं। इस कारण किसानों को निस्तारी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है और फिलहाल उन्हें बलराम सदन का सहारा लेना पड़ रहा है। उपरोक्त जानकारी किसानों अजय शर्मा, सुरेश चंद्रवंशी, मनीराम धुर्वे एवं फलित राम धुर्वे ने दी। किसानों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन द्वारा शीघ्र सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे, जिससे वर्तमान और आगामी वर्षों में जिले के गन्ना किसानों को राहत मिल सकेगी।

### कैंटीन का समय रात 8 बजे तक बढ़ाने की मांग

कारखाना प्रबंधन द्वारा किसानों के लिए 5 रुपए में भरपेट दाल-भात की कैंटीन व्यवस्था की गई है, जिसे किसानों ने सराहनीय पहल बताया है। हालांकि यह सुविधा वर्तमान में केवल सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ही संचालित हो रही है। चूंकि कई किसानों को लाइन में दो-दो दिन तक रुकना पड़ रहा है, इसलिए कैंटीन समय बढ़ाने कि मांग की।

# श्री अखंड नवधा रामायण में शिव शंकर मानस मंडली के नन्हे कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदूर

विकासखंड बोड़ला अंतर्गत ग्राम सिंघारी में आयोजित पांच दिवसीय श्री अखंड नवधा रामायण के तृतीय दिवस गत दिनों शुक्रवार को शिव शंकर मानस मंडली शिवपुर पोलमी-भंगीटोला के बाल कलाकारों ने अपने सुमधुर गायन-वादन से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। बताया जाता है कि कम उम्र में भगवान श्रीराम की भक्ति में लीन इन नन्हे कलाकारों ने श्रीराम चरित मानस के सस्वर पाठ और भक्तिमय प्रस्तुति से ऐसा वातावरण रच दिया कि पूरा पंडाल जय-जयकार और तालियों की गूंज से भर उठा। कार्यक्रम में लगभग आठ मानस मंडलियों की उपस्थिति के बीच शिव शंकर मानस मंडली को विशेष स्थान दिया गया, जो उनके बढ़ते यश और लोकप्रियता को दर्शाता है। इस मानस मंडली में कथा वाचक आशाराम शिव, गायक स्वागत राम शिव एवं शिवम शिव, गायिकाएं हर्षिता शिव और नैन्सी शिव ने अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। तबला संगत में देवाशीष शिव, शुभम शिव एवं निहाल गढ़ेवाल, मंजीरा में हर्ष शिव, झूमका में आदर्श शिव, पेड में दिनेश धुर्वे, आर्गन में स्वागत राम शिव, हारमोनियम में शिवम शिव तथा मंचस्थ बुद्धुराम बघेल ने कार्यक्रम को सजीव और प्रभावशाली बना दिया। गौरतलब है कि यह मानस मंडली इससे पूर्व घोघरा एवं छिरपानी जैसे क्षेत्रों में भी अपनी भक्तिमयी प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर चुकी है। कम उम्र में दूर-दराज के गांवों में श्रीराम चरित मानस गायन-वादन हेतु निरंतर आमंत्रण मिलना इनके उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। कार्यक्रम के दौरान माता-बहनों सहित समस्त दर्शकगण रामभक्ति में डूबे रहे।



## डीयू ने रोके परीक्षा परिणाम घोषित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

दुर्ग के हेमचंद विवि ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के रोके गए परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इसमें सेमेस्टर/वार्षिक/पूरक परीक्षा 2018, 2019, 2021, 2022, 2023 व 2024 के परीक्षा परिणाम घोषणा उपरांत विभिन्न पाठ्यक्रम के परिणाम शामिल है।

# राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण के सदस्य नियुक्तः भगतराम पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति भगतराम पटेल को राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से जारी आदेश के माध्यम से की गई है। उनकी नियुक्ति को जिले सहित पूरे प्रदेश में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय निर्णय के रूप में देखा जा रहा है। भगतराम पटेल लंबे समय से सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनसेवा, सामाजिक न्याय एवं लोकहित के कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देते आ रहे हैं। उनकी निष्पक्ष छवि, प्रशासनिक समझ और समाज के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए राज्य शासन द्वारा उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने श्री पटेल को शुभकामनाएं दीं। उन्होने कहा कि भगतराम पटेल जैसे अनुभवी और ईमानदार व्यक्ति की नियुक्ति से राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण और अधिक सशक्त होगा तथा आम नागरिकों का विश्वास व्यवस्था में और मजबूत होगा। विजय शर्मा ने यह भी कहा कि श्री पटेल अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ करेंगे और पुलिस व्यवस्था को जनहितैषी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भगतराम पटेल की इस नियुक्ति पर जिले के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों ने शुभकामनाएं दी तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की।



## पद्मश्री ग्लोबल अवार्ड से सम्मानित डॉ सुनील गुप्ता



**हरिभूमि कवर्धा।** आदर्श जन कल्याण संस्थान अध्यक्ष समाजसेवी साहित्यकार डॉ सुनील गुप्ता तन्हा को जन जागृति ट्रस्ट दिल्ली के द्वारा सामाजिक संस्थान एवं राष्ट्रीय स्तर पर साहित्य प्रकाशन सेवा की अनुकरणीय योगदान हेतु डॉ सुनील गुप्ता को पद्मश्री ग्लोबल अवार्ड-2026 प्रदान कर सम्मानित किया गया, बताया जाता है कि विगत 26 वर्षों से कबीरधाम जिले में अपने एनजीओ के माध्यम से स्वयं के खर्चे से जरूरतमंदों की सेवा तथा राष्ट्रीय स्तर पर साहित्य एवं साहित्यकारों के उत्थान के लिए पुष्पगंधा प्रकाशन के माध्यम से लगभग 50 पुस्तकें प्रकाशित कर देश भर के हजारों साहित्यकारों को पुस्तकों के माध्यम से जोड़ने तथा राष्ट्रीय स्तर पर साहित्यकारों को स्थापित करने उन्हें पहचान दिलाने उनके साहित्य को उचित स्थान दिलाने एवं योग्य साहित्यकारों को सम्मानित कर ने का कार्य अनवरत जारी रखने एवं समय-समय पर साहित्य कला संगीत पत्रकारिता एवं शैक्षणिक गतिविधियों में सराहनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहन देने वाले डॉ तन्हा सबसे कम उम्र के युवा साहित्यकार हैं अब तक साहित्य और प्रकाशन के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों पर भारत, अमेरिका, जर्मन, लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में 18 बार इनका नाम दर्ज हो चुका है। डॉ श्री गुप्ता के समर्पण और सेवा हेतु देश भर के साहित्यकारों ने ऑनलाइन बधाई प्रेषित की। पद्मश्री ग्लोबल अवार्ड हेतु इन्हें कसौधन वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता प्रदेश, प्रवक्ता महेंद्र गुप्ता, ओमकार गुप्ता, हरि विश्वकर्मा, आदित्य श्रीवास्तव, अशोक गुप्ता, मनोज गुप्ता, प्रभाकर शुक्ला एवं अंकुर गुप्ता-आकाश ने डॉ श्री गुप्ता को शुभकानाएं प्रेषित की।

## क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल, कथा सुनने उमड़ रही भक्तों की भीड़

# माता पार्वती का शिव जी के प्रति अटूट प्रेम थाः योगेश्वर दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में आयोजित श्री रूद्र महायज्ञ श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ से आसपास के क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 3 फरवरी से 11 फरवरी तक श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। इस पावन आयोजन के यज्ञाचार्य एवं कथा प्रवक्ता कामदगिरी पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य के कृपापात्र शिष्य पं. योगेश्वर दुबे (पंडरिया) द्वारा श्री शिव महापुराण के रुद्र संहिता पार्वती खंड से कथा का भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। कथा के दौरान पंडित योगेश्वर दुबे ने बताया कि माता पार्वती का भगवान शिव के प्रति अटूट, निष्कलंक और अद्वितीय प्रेम था। पार्वती माता ने अपने माता-पिता से कहा था जब तक शिव के दर्शन न हो जाएं, तब तक मैं संसार में मुख नहीं दिखाऊंगी। माता पार्वती की कठोर तपस्या को देखकर ऋषि-मुनि भी उनकी साधना की सराहना करने लगे। साक्षात जगदम्बा होते हुए भी माता पार्वती ने देवर्षि नारद से शिव पंचाक्षर मंत्र का उपदेश लेकर गुरु मंत्र का भक्ति भाव से जाप किया। उन्होने कहा कि जीवन में सद्गुरु का होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि गुरु ही ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने बताया कि शिव के बिना पार्वती अधूरी हैं और पार्वती के बिना शिव अधूरे हैं। भगवान शिव को पाने के लिए माता पार्वती ने कई जन्मों तक तपस्या की, जो उनके अटूट प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। शिव कथा के श्रवण से श्रद्धालुओं के मन में उत्सव का वातावरण बना हुआ है। श्री रुद्र महायज्ञ के दौरान वेद मंत्रों और शिव श्लोकों के उच्चारण से संपूर्ण ग्राम क्षेत्र हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा है।



## सार समाचार

### गोविंद बने मि. यूनिवर्सिटी 2026

**राजनांदगांव।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा अंतर महाविद्यालयीन शरीर सौष्ठव (बेस्ट फिजिक्स) बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन 3 फरवरी को शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर महाविद्यालय दुर्ग के भव्य रंगमंच में किया गया। उक्त स्पर्धा के संबंध में एक्सपर्ट जिम समिति के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे ने बताया कि स्पर्धा में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालय के शरीर साधकों ने भाग लिया। एक्सपर्ट जिम में अभ्यासरत गोविंद निषाद ने 65 किलोग्राम वजन समूह में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 55 किलोग्राम वजन समूह में गौरव कुमार ने भाग लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त एवं विक्रम सिंह ने 70 किलो वजन समूह में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफलता अर्जित की।



गोविंद ने अपनी तराशी हुई मांसपेशियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मि. यूनिवर्सिटी 2026 का खिताब अपने कब्जे में करते सफलता अर्जित की। सभी खिलाड़ी शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में तृतीय वर्ष एवं पंचम वर्ष के छात्र हैं। आयोजन समिति द्वारा ट्राफी व पट्टा प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे। इनकी इस उपलब्धि पर नरेश डाकलिया, मधुसूदन यादव, मनीष सिंह गौतम, जितेन्द्र मुदलियार, डॉ. रेखालाल सोनकर, अंजू बंजारे, तामेश्वर बंजारे, गोपेन्द्र बंजारे, शैलेन्द्र सिंह बंधे, उपेन्द्र कुमार, सुभाष हरिहारनों आदि ने शुभकामनाएं दी। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे ने दी।

### प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह लचरः वीशु

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ में हाल के दिनों में स्कूली बच्चों से जुड़ी लगातार सामने आ रही हिंसक घटनाओं ने प्रदेश की कानून व्यवस्था, सामाजिक माहौल और शिक्षा परिसरों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



राजनांदगांव जिले में एक स्कूली छात्र पर दिनदहाड़े धारदार हथियार से हमला किए जाने की सनसनीखेज घटना ने प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के बाद अभिभावकों में गहरा आक्रोश और चिंता का माहौल है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव विशु अजमानी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते कहा कि यह केवल स्कूलों में सुरक्षा की कमी का मामला नहीं है, बल्कि प्रदेश में लगातार बढ़ रहे नशे, हिंसा और सरकार की नीतिगत लापरवाही का सीधा परिणाम है। उन्होंने कहा कि बच्चों के हाथों में किताबों की जगह हथियार नजर आना बेहद खतरनाक संकेत है। यह साफ दर्शाता है कि प्रदेश में बच्चों को मिलने वाला सामाजिक और मानसिक वातावरण तेजी से बिगड़ता जा रहा है।

### जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जेआईआर प्रकरणों के संबंध में प्रतिवेदन तैयार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को जिले में औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने, निवेश अनुकूल वातावरण सृजित करने एवं उद्योगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने निर्देशित किया। बैठक में महाप्रबंधक व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सानू व्ही. वर्गीस ने औद्योगिक नीति 2024-30 अंतर्गत स्थायी पूंजी, अनुदान, ब्याज अनुदान, स्टाम्प शुल्क में छूट सहित उद्योगों को उपलब्ध अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान जिले में स्थापित उद्योगों को आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। खेतान केमिकल एवं कल्याणी इस्पात के प्रतिनिधियों द्वारा अपनी समस्याएं समिति के समक्ष रखी गई तथा उनके शीघ्र निराकरण हेतु अनुरोध किया गया। संबंधित विभागों को समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, जिला खनिज अधिकारी, उप संचालक नगर एवं ग्राम निवेश सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



### 442 स्वच्छता दीदीयों द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण

**राजनांदगांव।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत राजनांदगांव शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने के लिए 442 स्वच्छता दीदीयों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन से स्वच्छता दीदीयों को रोजगार मिला है। राजनांदगांव शहर के 51 वार्ड में घर-घर कचरा संग्रहण के लिए 17 एसएलआरएम सेंटर संचालित है, जहां 442 स्वच्छता दीदीयां कार्यरत है। इन स्वच्छता दीदीयों द्वारा घर-घर पहुंचकर कचरा संग्रहण कर एसएलआरएम सेंटरों में कचरा पृथक्करण किया जा रहा है। स्वच्छता दीदीयों को प्रतिमाह 8000 रुपए का मानदेय मिलता है। इसके साथ ही कबाड़ी विक्रय एवं खाद विक्रय से अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रही है। इन सभी स्वच्छता दीदीयों का राजनांदगांव शहर को स्वच्छ और सुंदर रखने में महत्वपूर्ण योगदान है।

## सैकड़ों किसानों को नहीं मिली राशि

# तीन दिन का वायदा, 18 दिन के बाद भी भुगतान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन द्वारा भले ही धान की खरीदी के तीन दिनों के भीतर किसानों को उपज का भुगतान किए जाने की घोषणा की गई है, लेकिन अविभाजित जिले के सैकड़ों किसानों के खातों में आज पर्यन्त तक पेमेंट नहीं पहुंचा है। पिछले 20 जनवरी के बाद धान बेचने वाले किसानों को भुगतान नहीं होने से उन्हें अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसान अपनी उपज के भुगतान के लिए बैंकों के चक्कर काट रहे हैं।



उल्लेखनीय है कि धान की सरकारी खरीदी की मियाद पिछले 31 जनवरी को समाप्त हो गई है। खरीदी में शेष रहे किसानों ने 5 एवं 6 फरवरी को अपनी उपज बेची है। समर्थन मूल्य में खरीदी की प्रक्रिया निपटने के बाद भी किसानों को भुगतान नहीं हो पाया है। सूत्रों ने बताया कि पिछले 20 जनवरी के बाद जिन किसानों ने अपनी उपज बेची है, उन्हें अभी तक कोई भी राशि नहीं मिली है। किसान लगातार बैंकों के चक्कर काट रहे हैं। बैंक अधिकारियों द्वारा उन्हें जानकारी दी जा रही है कि शासन से भुगतान नहीं होने के बाद उनके खातों में अभी तक राशि नहीं डाली गई है। किसानों का कहना है कि राज्य शासन द्वारा खरीदी के तत्काल बाद तीन दिनों के भीतर उपज का भुगतान करने का वायदा किया गया था, लेकिन इस बार उन्हें 18 दिन बीत जाने के बाद भी को अपनी उपज के भुगतान के लिए भटकना पड़ रहा है।

### भुगतान के लिए काट रहे चक्कर

धान की सरकारी खरीदी के दौरान किसानों को इस बार अच्छी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लिमिट काम किए जाने के कारण पहले उन्हें टोकन लेने के लिए अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ी और अब उन्हें अपनी उपज के भुगतान के लिए बैंकों के चक्कर काटने मजबूर होना पड़ रहा है।

### 300 करोड़ का भुगतान अटका

राज्य शासन द्वारा अविभाजित राजनांदगांव और कवर्धा जिले के सैकड़ों किसानों का भुगतान नहीं किया गया है। करीब 300 करोड़ रुपए का भुगतान अटका हुआ है। जिसके कारण किसान परेशान हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि शादी-ब्याह के सीजन में उन्हें अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, पुलिस की मौजूदगी को लेकर नाराजगी

- धर्मान्तरण कराए जाने का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रविवार को शहर के मोतीपुर वार्ड के चंदन नगर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ किया।

बीते सप्ताह इस क्षेत्र में प्रार्थना सभा के दौरान हिन्दू समाज के लोगों का धर्मांतरण कराए जाने को लेकर विरोध जाताया गया था। आज बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग यहां शिव मंदिर परिसर में एकत्रित हुए और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ शुरू कर दिया। इधर हिंदू समाज के लोगों द्वारा एकत्रित होकर हनुमान चालीसा पाठ किए जाने की जानकारी मिलने पर पुलिस प्रशासन के लोग भी कानून व्यवस्था के दृष्टिकोण से मौके पर पहुंचे। इसको लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के लोगों ने अपने आपत्ति जताई।

विश्व हिंदू परिषद के नंदूराम साहू ने कहा कि प्रति सप्ताह अलग-अलग मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ किया जाता है। पिछले सप्ताह इस क्षेत्र में मतांतरण का मामला था। जिसको लेकर विरोध किया गया था। इस सप्ताह यहां पर हनुमान चालीसा पाठ करने आए थे, लेकिन यहां पुलिस का पहरा लगाना ठीक नहीं था। उन्होंने कहा कि हमें रोकने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी ईसाई समाज के लोगों के द्वारा हिंदुओं को बुलाकर अपनी प्रार्थना सभा में शामिल किया जाएगा, वहां हम विरोध करेंगे।

### हनुमान चालीसा पाठ के लिए हुए एकत्रित

सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सहित अन्य सनातन धर्म के लोग शामिल और हनुमान चालीसा पाठ करते हुए जय श्रीराम के नारे लगाते हुए धर्म की जय और अधर्म के नाश की कामना की।

## सुशासन सरकार में गरीबों की थाली का अनाज हड़प लिया जा रहा : प्रीति

**राजनांदगांव।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में गत दिनों सामान्य सभा आयोजित की गई। जिसमें जनपद पंचायत सदस्य प्रीति वैष्णव ने जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम खूबाटोला में हुए राशन घोटाले को लेकर जमकर निशाना साधा।



प्रीति वैष्णव ने बताया कि ग्राम खुबाटोला में ग्रामीणों को राशन नहीं आने का हवाला देखकर दुकान संचालक द्वारा गरीब परिवारों को मिलने वाले राशन को वितरित ना करके पूरा राशन गमन कर लिया गया। दुकान संचालक ऐसा एक महीने से नहीं, बल्कि सालों से गरीबों की थाली का राशन को अपने कमीशनखोरी का काला अड्डा बनाया हुआ है। ग्राम पंचायत के संबंधित कार्डधारी को नवंबर-दिसंबर में राशन यह कहकर नहीं दिया कि इस माह राशन नहीं आया है। जबकि ऑनलाइन रिकॉर्ड में राशन निकाल लिया गया है। पहले भोले-भाले ग्रामीणों से ऑनलाइन इंट्री दर्ज करवा लिया जाता था। उसके बाद राशन नहीं पहुंचने का हवाला देकर उन्हें खाली हाथ लौटा दिया जाता था। ग्राम पंचायत ख़ुबाटोला में ऐसे अनेक राशन कार्डधारी मिलेंगे, जिनसे ऑनलाइन इंट्री करवाकर राशन नहीं दिया गया और ऐसा सालों से चला आ रहा है। प्रीति वैष्णव ने कहा कि उक्त मामले में जांच के नाम में केवल लीपापोती कार्रवाई की गई है। फूड इंस्पेक्टर द्वारा राशन दुकान संचालक की उपस्थिति में 380 कार्डधारियों में से मात्र 40-50 राशन कार्डधारी ग्रामीण का ही बयान दर्ज किया गया था। जिसमें 105 क्विंटल चावल की हेराफेरी सामने आई थी। जबकि सभी 380 राशन कार्डधारियों के राशन कार्ड की जांच की जानी चाहिए थी। जिससे पूरा भ्रष्टाचार उजागर होता। इसके अलावा ऐसे संवेदनशील मामले पर ना ही कोई एफआईआर दर्ज की गई, ना ही दुकान संचालक पर कोई कार्रवाई की गई है। जिसने संबंधित अधिकारी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठता है। प्रीति वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सुशासन का आज ऐसा दौर आ चुका है कि धान के कटोरा कहे जाने वाला छत्तीसगढ़ में गरीबों

## सड़क सुरक्षा माह में पृष्टी सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पुलिस बल जिला राजनांदगांव द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान व चित्रकला प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पृष्टी देवांगन को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।




## सर्वहारा वर्ग का बजटः अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए नवीन बजट की जमकर सराहना की। पूर्व सांसद ने इस बजट को अंत्योदय से सर्वोदय और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला एक ऐतिहासिक बजट बताया।



प्रेसवार्ता में अभिषेक सिंह ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने बजट को वसुधैव कुटुंबकम् की परंपरा के अनुरूप बताते हुए कहा कि यह देश को सामाजिक और आर्थिक रूप से वैश्विक स्तर पर मजबूत करने वाला बजट है। बजट की प्रमुख बातों पर प्रकाश डालते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि बजट में महिला समूहों के विकास और उनके आर्थिक उत्थान पर विशेष जोर दिया गया है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा, राजेश सिंघी, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह मंडावी, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य और शिक्षा पर फोकस

उन्होंने कहा कि देश की नींव को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में पर्याप्त आवंटन किया गया है। यह बजट देश के युवाओं और उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करता है। पूर्व सांसद ने कहा कि यह बजट समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का रोडमैप है, जो भारत की विकास दर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।




## मेडिकल कॉलेज में वार्षिक उत्सव संपन्न

# सांस्कृतिक संध्या का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छग) में वार्षिक उत्सव "आरोह-2026" का 6 दिवसीय भव्य आयोजन 2 से 7 फरवरी तक किया गया। इस उत्सव के अंतर्गत खेल, साहित्य, ललित कला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

वार्षिक उत्सव के विभिन्न आयोजनों में सांस्कृतिक कार्यक्रम नेतृत्वकर्ता डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर, फाइन आर्ट नेतृत्वकर्ता डॉ. प्रतिमा कुजुर एवं डॉ. सुनीता मेश्राम, साहित्य नेतृत्वकर्ता डॉ. दिव्या साहू एवं खेलकूद नेतृत्वकर्ता डॉ. अराधना टोप्पो शामिल रहे। इन सभी गतिविधियों का सफल संचालन संस्थान के अधिकारियों, विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।



6 फरवरी को संस्था के वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव "आरोह-2026" के तृतीय दिवस का सफल आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, कला-प्रतिभा एवं सांस्कृतिक चेतना को समर्पित रहा। जिसमें संगीत, नृत्य एवं मंचीय प्रस्तुतियों का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिष्ठाता डॉ. पंकज मधुकर लुका द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर द्वारा स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया गया। तृतीय दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति (वाइस चांसलर) डॉ. लवली शर्मा उपस्थित रही। उनके करकमलों से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों को कला, संस्कृति और साहित्य के संरक्षण व संवर्धन हेतु प्रेरित किया। इस प्रकार के आयोजनों को व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। सांस्कृतिक संध्या में गणेश वंदना, बारहमासी नृत्य, एकल एवं युगल गायन, समूह नृत्य एवं अन्य रंगारंग विधाओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत थीम वॉक इस संस्था का मुख्य आकर्षण रहा, जिसने सामाजिक एवं सांस्कृतिक संदेशों को प्रभावी ढंग से मंच पर उकेरा। थीम वॉक एवं बारहमासी नृत्य में संस्थान के विद्यार्थियों को चार समूहों में विभाजित कर विभिन्न विषयों पर सृजनात्मक प्रस्तुतियां दी गई। बारहमासी नृत्य के माध्यम से छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराओं, त्योहारों एवं मांगलिक कार्यों को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया। प्रत्येक समूह ने अपनी विशिष्ट परिकल्पना, वेशभूषा एवं मंच-सज्जा के माध्यम से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरक संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने भरपूर सराहा। कार्यक्रम का सफल आयोजन डीन एवं मेडिकल सुपरिटेंडेंट के संरक्षण में संपन्न हुआ।

### श्रीरामकथा के द्वितीय दिवस उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# जगतगुरु ब्रह्मदेवाचार्य ने विश्वामित्र प्रसंग का किया भावपूर्ण वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा



ग्राम कुण्डा में सरदार पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में, पूर्व सरपंच एवं आयोजन संयोजक सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीरामकथा के द्वितीय दिवस श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। रामकथा श्रवण हेतु जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं क्षेत्रीय श्रोताओं की उपस्थिति रही। कांशीधाम (काशी-बनारस) से पधारे जगतगुरु से अलंकृत पूज्य ब्रह्मदेवाचार्य महाराज ने अपने मधुर मुखारविंद से रामचरित मानस के भावपूर्ण प्रसंगों का वर्णन करते हुए कथा को जन-जन के हृदय तक पहुँचाया। पंडित जी ने मंगलाचरण के साथ "सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः" का भाव स्पष्ट करते हुए कहा कि रामकथा संपूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। विश्वामित्र प्रसंग का मार्मिक वर्णन कथा में पूज्य महाराज ने विश्वामित्र ऋषि के चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार तप, त्याग और संयम के बल पर विश्वामित्र राजर्षि से ब्रह्मर्षि बने। रामचरित मानस के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए पंडित जी ने कहा कि राजा दशरथ ने विश्वामित्र का आदर-सत्कार करते हुए उन्हें सिंहासन पर विराजमान किया और विविध भांति के भोजन से उनका सम्मान किया। यह प्रसंग राजा दशरथ की मर्यादा, धर्मनिष्ठा और अतिथि सत्कार की भावना को दर्शाता है। सरल भक्ति का संदेश पूज्य ब्रह्मदेवाचार्य महाराज ने श्रद्धालुओं को सरल भक्ति का मार्ग बताते हुए कहा कि यदि किसी को विधिवत पूजा-पद्धति का ज्ञान न हो, तो भी नारायण-नारायण, राम-राम का स्मरण करें, प्रातःकाल सूर्यदेव को अर्घ्य दें और प्रभु का नाम स्मरण करें यही सच्ची पूजा है। जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रामकथा के द्वितीय दिवस कथा रसपान हेतु तखतपुर विधायक ठाकुर धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी, जिला अध्यक्ष कांग्रेस कबीरधाम नवीन जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष कुण्डा उतरा दिवाकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि ग्राम कुण्डा पहुँचे। इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा, बब्बेडेरा प्रमुख संत हरदीप सिंह, रघुनंदन पाठक,हरदीप सिंह खनूजा, हरदीप सिंह सलूजा, अमन खनूजा, प्रभात फेरी मंडली, ग्राम पंचायत कुण्डा के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में कवर्धा के तीन खिलाड़ियो ने स्वर्ण पदक जीता

- जिले के पदाधिकारियों ने बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा





स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 69 वी शालेय राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल जूनियर बालक/बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर छत्तीसगढ़ में दिनांक 04 फरवरी से 08 फरवरी तक आयोजित हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका दोनों वर्गों की टीम सम्मिलित हुई थी जिसमें छत्तीसगढ़ के बालक टीम में नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से सोहम सिंह राजपूत, शुभम सेन एवं बालिका वर्ग में पूजा चंद्रवंशी का चयन हुआ था साथ ही कोच के रूप में मृत्युंजय शर्मा एवं दिनेश वर्गीस को नियुक्त किया गया था जिनके मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका दोनों टीम ने स्वर्ण पदक लगाया।

अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि हमारे अकेडमी के खिलाड़ी अभावों के बावजूद लगातार राष्ट्रीय स्तर पर पदक लगा रहे है और हमारे जिले को गौरवविंत कर रहे है बिलासपुर में आयोजित हुए जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बालक टीम का लीग मुकाबले में उनका सामना गुजरात और बिहार के साथ हुआ जिनको हराकर छत्तीसगढ़ की बालक टीम ने सीधे क्वार्टरफाइनल मुकाबले में प्रवेश किए जिसमें इनका सामना तेलंगाना के साथ हुआ यह मैच बहुत ही रोमांच भरा परंतु छत्तीसगढ़ की सटीक बैटिंग और पिचिंग के मदद से तेलंगाना को 07-00 से हराकर सेमीफाइनल मुकाबले प्रवेश किया जहां मजबूत टीम पंजाब के साथ मुकाबला हुआ इस मैच में छत्तीसगढ़ टीम ने पंजाब को 06-00 से पराजय करके फाइनल मुकाबले में जगह बनाया और उनका सामना महाराष्ट्र टीम के साथ हुआ यह मैच बहुत ही टक्कर का चला परन्तु छत्तीसगढ़ टीम ने भी हार न मानते हुए कड़ा टक्कर दिया और 1 रन बनकर इस मुकाबले को 01-00 से जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किए वही छत्तीसगढ़ की बालिका वर्ग दल ने बिहार,गुजरात को हराकर क्वाटरफाइनल में पहुंचे जहां उनका सामना दिल्ली के साथ हुआ जिसे 05-02 के रन से हराकर छत्तीसगढ़ की टीम सेमीफाइनल मुकाबले में प्रवेश किए जिसमें महाराष्ट्र के साथ छत्तीसगढ़ टीम का कड़ा मैच हुआ परन्तु छत्तीसगढ़ की बालिका ने महाराष्ट्र को 07-04 के स्कोर से हराकर सीधे फाइनल मुकाबले में जगह बनाया और फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ टीम का सामना सीबीएसई के साथ हुआ जो बेहद रोमांच भरा मुकाबला रहा वही छत्तीसगढ़ की टीम ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन से सीबीएसई को 02-00 के स्कोर पराजय करके फाइनल विजेता बने इस टूर्नामेंट में एकेडमी के खिलाड़ी सोहम राजपूत,शुभम सेन और पूजा चंद्रवंशी का अहम योगदान रहा, एकेडमी के खिलाड़ियों के द्वारा प्रशासन से पिछले कई वर्षों से चेंजिंग रूम और बोरवेल पंप की मांग किया जा रहा है।

वहीं अकेडमी के तीन खिलाड़ियों के द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल जूनियर वर्ग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक लगाने के उपलक्ष्य पर नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, एकेडमी के अध्यक्ष गणेश तिवारी,कलेक्टर गोपाल वर्मा, अकेडमी के संस्थापक राजापीयूष टाटीया, गजराज सिंह ठाकुर निज सहायक, नरेंद्र मानिकपुरी निज सहायक, क्रीड़ा अधिकारी संदीप ग्वालिकर, अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पवन देवांगन, व्यायाम शिक्षक दिनेश साहू, वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर, भूपेंद्र गढ़े एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

# शिक्षा और संस्कार की विरासत का उत्सवः करपात्री जी विद्यालय में स्नेह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




शिक्षा संस्कार और स्मृतियों का संगम उस समय देखने को मिला जब स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। विशेष बात यह रही कि समारोह में शामिल मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि कभी इसी विद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं, जिन्होंने अपने अनुभव साझा कर वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि स्वामी करपात्री जी विद्यालय का इतिहास गौरवशाली रहा है। यह विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और संस्कारों का केंद्र रहा है। यहां से निकले विद्यार्थियों ने प्रशासन, न्याय, चिकित्सा, पत्रकारिता एवं व्यवसाय के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य तय कर निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया। वरिष्ठ अधिवक्ता शेखर बख्शी ने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए कहा कि आज जो कुछ भी हूं, उसकी नींव इसी विद्यालय में पड़ी। विद्यार्थी जीवन में प्रत्येक गतिविधि में भाग लेने से आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और मोबाइल फोन का दुरुपयोग नहीं करने का संकल्प भी लिया। डॉ. अतुल जैन ने विद्यालय में बिताए अपने विद्यार्थी जीवन के संस्मरण साझा करते हुए कहा कि यहां से प्राप्त शिक्षा और संस्कारों ने जीवन की दिशा तय की। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। चार्टर्ड अकाउंटेंट विनीत अग्रवाल ने अपने पूर्व विद्यालय में अतिथि के रूप में आमंत्रित होने पर गौरव की अनुभूति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि करपात्री जी विद्यालय ने उन्हें मजबूत शैक्षणिक आधार प्रदान किया, जिसका लाभ उन्हें अपने व्यावसायिक जीवन में मिला। ब्यूरो चीफ महेश मिश्रा ने विद्यार्थियों को वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय से प्राप्त शिक्षा जीवन भर मार्गदर्शन करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर अध्ययन और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की अपेक्षा जताई। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं सामूहिक वंदे मातरम गायन से हुआ। अतिथियों के स्वागत के पश्चात प्राचार्य डी.एस. जोशी ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा अतिरिक्त भवन एवं ऑडिटोरियम जैसी आवश्यकताओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया। जे.के. सिंह ने विद्यालय के दानदाताओं की सूची का पठन कर उनका आभार व्यक्त किया। दानराशि से मेधावी विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों के साथ-साथ एनसीसी, एनएसएस एवं वर्षभर की गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का कुशल संचालन व्याख्याता जे.के. सिंह, अंजलि तिवारी एवं वजन राम साहू ने किया।

समारोह में नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य बद्री जायसवाल, श्रीमती राजकुमारी जायसवाल, पार्षदगण दुर्गेश अवस्थी, डोनेश ठाकुर, दीपक सिन्हा, हरीश साहू, पूर्व व्याख्याता आदित्य श्रीवास्तव, पंकज सिंह ठाकुर, कन्हैया गुप्ता, प्रभात गुप्ता, पूर्व क्रीड़ा अधिकारी एम.आर. महोबिया, चार्टर्ड अकाउंटेंट योगेश पटले सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ एवं छात्रसंघ पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# गौ माता को लायंस क्लब ने 125 गायों को रोटी गुड़ सब्जियां खिलाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



लायंस क्लब ने 8 फरबरी रविवार को एक विशिष्ट कार्यक्रम ₹गौ माता की सेवा₹ के तहत डॉ. नितिन के अस्पताल के समीप यदुनाथ गौशाला में गौ माताओं को रोटी, गुड़, टमाटर, फूल गोभी, पत्ता गोभी, बैगन, आलू, केला तथा अन्य आहार खिलाए। ज्ञात हो कि नगर की सबसे अधिक पुरानी यदुनाथ गौशाला को आजादी से पूर्व कवर्धा राज में स्थापित किया गया था।

वर्तमान में यहाँ 125 गायें हैं, जिनकी देखभाल के लिए एक केअर टेकर रखा गया है। इस कार्यक्रम में क्लब के बहुत से गौसेवक अपने घर से रोटी गुड़ सब्जी आदि लेकर आए थे। उन्होंने गौ माताओं को अपने हाथों से आहार खिलाए तो उनके चेहरों पर संतुष्टि का भाव झलक रहा था। लायन अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल एवं डिस्ट्रिक्ट चैयरपर्सन नीरज मनजीत छाबड़ा ने बताया कि क्लब के वार्षिक सेवा कार्यक्रमों में इस वर्ष यह नया कार्यक्रम जोड़ा गया है और इसे आगे भी जारी रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि वैसे तो नगर के बहुसंख्यक समुदाय में गौ माता के प्रति अपार श्रद्धा भक्ति भाव है, हमारा यह प्रयास होगा कि वर्ष में दो या तीन बार ऐसे कार्यक्रम करके जागरूकता का संदेश दिया जाए। आज के कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक व समाज सेवी भरत केसरी एवं दो बच्चों विभु आहूजा, सृजन सलूजा सहित लायन प्रेमचंद, सुशीला श्रीश्रीमाल, नीरज मंजीत, बीपी गुप्ता, हरीश, कोमल गांधी, अजय गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता, डॉ. बीएस चौहान, धनसुख पटेल, एमएल बांठिया, मनोज कुमार ठाकुर, राजेन्द्र ठाकुर, बद्री चन्द्रवंशी, बीपी शर्मा, सोमप्रकाश वर्मा, गुरमीत चावला, हरदीप सलूजा उपस्थित थे।

# कोलेगांव में पंडित मुरली पाराशर का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में आयोजित लघु रुद्र महायज्ञ के पंचम दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। महायज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित योगेश्वर दुबे के विद्वत मंडली समूह से राजस्थान निवासी पंडित मुरली पाराशर का दिव्य आगमन हुआ। पंडित मुरली पाराशर के आगमन पर आयोजन समिति द्वारा नारियल फल भेंट कर उनका आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। अपने दिव्य प्रवचन में पंडित जी ने सस्वर वेद मंत्रों का वाचन करते हुए जनमानस को आध्यात्मिक भाव से अभिभूत कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत के विभिन्न राज्यों में यज्ञ-कथा का आयोजन होता है, परंतु छत्तीसगढ़ में यज्ञ एवं शिव आराधना के प्रति लोगों की विशेष श्रद्धा देखने को मिलती है। यहाँ के श्रद्धालु पूर्ण भक्ति भाव से भगवान शिव की उपासना करते हैं। पंडित मुरली पाराशर ने यज्ञाचार्य पंडित योगेश्वर दुबे की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोलेगांव के ग्रामीण अत्यंत सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें इतने सरल, सहज और विद्वान आचार्य का सान्निध्य प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर आयोजन समिति से पवन शर्मा, दिनेश पांडेय, जोतराम साहू, जगदीश साहू सहित अन्य श्रद्धालु एवं ग्रामवासी पंडित जी के स्वागत में उपस्थित थे।

# कुण्डा में वार्षिक उत्सव मातृ पितृ पूजन एवं सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा



प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी कुंडा में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल कुंडा में वार्षिक उत्सव मातृ-पितृ पूजन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि ने कहा पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी जरूरी है जिससे बच्चे काफी उत्साह में नजर आते हैं एवं बच्चों का सर्वांगीण विकास अधिक होता है और बच्चों को हमेशा अच्छे-अच्छे ज्ञान की बातें भी बताते रहना चाहिए जिससे बच्चे काफी खुश रहते हैं छोटे-छोटे बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का मन मोह लिया कक्षा नवम भैया बहनों के द्वारा दशम के भैया बहनों को पेन और श्रीफल देकर विदाई दी गई और आशीर्वाद प्राप्त किए साथ ही विद्यालय परिवार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर दशम के बच्चो का सम्मान किया गया और दशम के वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ सफल होने की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशेषर पटेल, अध्यक्ष गौ-सेवा आयोग छ.ग. शासन अध्यक्षता रामस्वरूप साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि उत्तर यादव सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, कृष्ण चंद्राकर नकुल चंद्राकर सुधा राम साहू, रामावतार विश्वकर्मा, बाबूलाल चंद्राकर, भागवत साहू, चेतराम साहू, शशांक शर्मा, उत्तर साहू, देवव्रत वैष्णव, जय राम साहू, कली राम चंद्राकर होरीलाल गबेल, प्रदीप रजक, सहित छात्र छात्राएं आचार्य एवं दीदी सहित मातृ शक्ति अभिभावक और पालग गण बड़ी संख्या में उपस्थित थें। कार्यक्रम का सफल संचालन नारायण दीप पाटले ने किया तत्पश्चात प्राचार्य ईश्वरी राम साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

व्यवहार वाद वर्ग अ/3/2026
पेशी तारीख - 24/02/2026
प्रोसेस नंबर 85/2025

श्रीमती कामनी धुर्वे ........................................ वादी
विरूद्ध
आम जनता 0........................................ प्रतिवादी
बनामः - आम जनता (जिस किसी का इससे संबंध हो)

क्योंकि अपीलार्थीगण ने आपके खिलाफ विविध सिविल प्रकरण अंतर्गत धारा 96 सि० प्र० सं० सहपठित आदेश 41 नियम 01 के अंतर्गत इस न्यायालय में पेश किया है। आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 24.02.2026 को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो कि इस मामले के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दें सके) मामले का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

आज तारीख 06 माह 02 सन 2026 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

टीप- यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी।

(कु.रूचिता अग्रवाल)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी,
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
मुहर

# सरस्वती शिशु मंदिर सहसपुर लोहारा में वार्षिक उत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विद्यालय में स्नेह सम्मेलन वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि अशोक पटेल जनपद उपाध्यक्ष, अध्यक्ष शत्रुघ्न नेताम व्याख्याता, विशिष्ट अतिथि, मनीष ठाकुर थाना प्रभारी, देवेंद्र ठाकुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के करकमलों से मां सरस्वती, प्रणवक्षर ओम और मां भारती की तिलक वंदन और दीप मंत्र से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने प्यारे बच्चों का मनमोहक कार्यक्रम हमारे देश की संस्कृति सभ्यता को हर गीत और नृत्य के माध्यम से प्रदर्शित किए साथ साथ विद्या भारती की पांच आधारभूत विषयों को ध्यान में रखते योग का प्रदर्शन और शारीरिक में लेजिम संगीत की माध्यम से कराया गया कार्यक्रम में हमारे विद्यालय समिति के व्यवस्थापक द्वारिका राम साहू, कोषाध्यक्ष भागवत पटेल, संजय पांडे अजय बागड़े महेंद्र श्रीवास्तव कन्हैया साहू प्रशांत सागर शर्मा लखन साहू राम कुमार नेताम सीताराम धुर्वे श्रवण दीक्षित पहलवान पटेल सुश्री रीना ठाकुर महिला बाल विकास अधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य प्रहलाद सिन्हा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं पालक गण उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130